तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 सौ से अधिक स्कूलों में नहीं पहुंची बिजली



## खबर संक्षेप

### मोबाइल ऐप से किया जाएगा राशनकार्ड का नवीनीकरण

**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी अंत्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित, निःशक्तजन तथा सामान्य राशनकार्डों का नवीनीकरण के लिए अभियान 25 जनवरी से प्रारंभ किया जाएगा। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु नया मोबाईल ऐप तैयार किया गया है जिसे राशनकार्डधारी अपने मोबाइल, उचित मूल्य दुकानों में संधारित टेबलेट, दुकान संचालक के पंजीकृत मोबाइल में खाद्य विभाग की वेबसाइट से ऐप को डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य 25 जनवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने आयुक्त नगर निगम, सभी सीएमओ नगरीय निकाय, सर्व जनपद सीईओ एवं सहायक खाद्य अधिकारी व खाद्य निरीक्षक को आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया है।

### अग्निवीर के तहत भर्ती हेतु आवेदन 6 तक

**कोरबा।** भारतीय वायुसेना द्वारा अविवाहित युवाओं एवं युवतियों को अग्निवीर के तहत सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है। जिसके तहत ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 17 जनवरी से 6 फरवरी तक निर्धारित की गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अग्निवीर वायुसेना भर्ती में सम्मिलित होने के लिए आवेदक की जन्मतिथि 2 जनवरी 2004 से 2 जुलाई 2007 के मध्य होना अनिवार्य है। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंको के साथ अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, इंस्ट्रमेंटेशन टेक्नोलॉजी आदि विषयों में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना वांछनीय है। भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में होगी जिसमें प्रथम चरण में कम्प्युटर आधारित लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी।

### पीवीटीजी वर्ग का सर्वे प्राथमिकता से कराने निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर ने जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितों के लिए संचालित पीएम जनमन योजना के तहत किए गए कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए पीवीटीजी के शिक्षित युवाओं का सर्वे कराने के निर्देश दिए। जिससे उन्हें रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाया जा सके। साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी वर्ग के वंचित व पात्र लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित करने के लिए कहा। इस हेतु उन्हें प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, वन अधिकार पट्टा, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनमन खाता से लाभान्वित करने हेतु निर्देशित किया।

### राखड़ परिवहन, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई

**कोरबा।** कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में कहा कि अव्यवस्थित राखड़ परिवहन पर की जाने वाली कार्यवाही सतत प्रक्रिया है। इस हेतु जिले में अवैध परिवहन एवं डंपिंग करने वाले वाहनों पर कार्यवाही नियमित रूप से चलती रहेगी। उन्होंने एसडीएम और जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि राखड़ परिवहन में लगे सभी गाड़िया नियमों का अनिवार्यतः पालन करें। साथ ही नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कॉलोनी की खाली पड़ी जमीन में बेजाकब्जा रोकने सिंचाई विभाग ने उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्रशासन के सरकारी कॉलोनियों के बगल में पड़ी जमीनों में बढ़ते बेजाकब्जा को रोकने के लिए अब विभाग सक्रिय हो गए हैं। सर्वाधिक बेजाकब्जा सिंचाई विभाग के खाली पड़े जमीनों में हुए हैं। स्थिति यह है कि बेजाकब्जाधारी स्कूल के आसपास खाली पड़ी जमीनों को भी नहीं बक्श रहे हैं। सिंचाई विभाग अपनी कॉलोनी के आसपास खाली पड़ी जमीन को बेजाकब्जाधारियों से बचाने के लिए बाउंड्रीवाल का काम शुरू करवा दिया है।

आईटीआई रामपुर मार्ग में सिंचाई विभाग की कॉलोनी स्थित है जहां हाईस्कूल, मीडिल स्कूल और प्राईमरी स्कूल संचालित है। इन स्कूलों के आसपास की खाली पड़ी जमीनों में शॉपिंग काम्पलेक्स, होटल और ठेकेदारों के दफ्तर चल रहे हैं। ऐसे बेजाकब्जाधारी स्कूल के पास रिक्त पड़ी जमीन को कब्जा करने में ⏭ शेष पेज 3 पर

### स्कूल की जमीन भी नहीं बक्श रहे बेजाकब्जाधारी

**खास बातें**

- कालोनी की सुरक्षा के लिए विभाग ने शुरू किया बाउंड्रीवाल का निर्माण
- कर्मचारी संघों ने कालोनी की सुरक्षा को लेकर प्रशासन से की थी मांग



### आवासों में भी कब्जा

विभाग के खाली पड़े अवास में भी गैर कर्मचारी निवास कर रहे हैं। वहीं कर्मचारियों को आवास भी उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों में कर्मचारी किराए का मकान लेकर रह रहे हैं या फिर बिलासपुर से आना-जाना कर रहे हैं। ऐसे कर्मचारी आवास आबंटन समिति के सामने आवास हेतु आवेदन भी दिए हैं, किंतु उन्हें आवास उपलब्ध नहीं हुआ है। हालांकि न्यू राजस्व कॉलोनी में भी कुछ कर्मचारियों को आवास आबंटित किए गए हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से कर्मचारियों की संख्या बढ़ने की अपेक्षा आवासों की संख्या नहीं बढ़ी है। वहीं सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों द्वारा आवास नहीं छोड़े जाने के कारण यह समस्या और भी गहरा गई है।

### 15 दिनों के भीतर नई लाइन को कर दिया जाएगा चार्ज

# कुदमुरा के दो दर्जन गांव के लोगों को नहीं होगी लो वोल्टेज की समस्या, जिले से मिलेगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कुदमुरा क्षेत्र के एक दर्जन गांव को पड़ोसी जिले के रायगढ़ हाटी से विद्युत आपूर्ति की जाती है। गर्मी के दिनों में अक्सर इस क्षेत्र के लोगों को लो वोल्टेज की समस्या झेलनी पड़ती थी। इस गर्मी क्षेत्र के बाशिंदों को लो वोल्टेज की समस्या दूर हो जाएगी क्योंकि इस क्षेत्र के लोगों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए करतला सब स्टेशन से जोड़ा जाएगा जिसका काम अंतिम चरण पर है। महज 15 दिन के भीतर नए लाइन को चार्ज कर दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुदमुरा, तौलीपाली, जिलगा, बरपाली, बासीन, तराईमार, कछार, सोलवा, फुलसरी सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों को पड़ोसी जिले रायगढ़ के हाटी सब स्टेशन से पावर सप्लाई होती है। जिसके चलते गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों को पावरकट व लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। इस क्षेत्र की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग के डीई बी बी नेताम ने इस क्षेत्र के लोगों को कोरबा से विद्युत आपूर्ति करने के लिए प्रस्ताव बनाया था जिसकी स्वीकृति मिल गई थी और जिसके तहत करतला सब स्टेशन से चचिया तक लगभग 7 किलोमीटर 11 केवी की सप्लाई लाइन खींचने का काम लगभग पूरा हो चुका है और विभाग के डीई श्री नेताम के मुताबिक महज 15 दिन के भीतर इस लाइन को चार्ज कर दिया जाएगा।

जिसके बाद कुदमुरा क्षेत्र के एक दर्जन गांव को हाटी व करतला सब स्टेशन से डबल सप्लाई के माध्यम से विद्युत आपूर्ति होगी। यदि हाटी सप्लाई में तकनीकी खामी या फिर लो वोल्टेज की समस्या हुई तो तुरंत इस क्षेत्र को करतला से चार्ज कर विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

**खास बात**

- करतला सब स्टेशन से 11 केवी की सप्लाई पहुंचाई जा रही चचिया तक



फाइल फोटो

### 15 दिन में होगा चार्ज

हाटी सब स्टेशन से कुदमुरा व बरपाली सहित आसपास के गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। अब इस क्षेत्र के लोगों से जिले से आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए करतला सब स्टेशन से चचिया तक 11 केवी की लाइन खींचने का काम लगभग पूरा हो चुका है। 15 दिन के भीतर इस लाइन को चालू कर दिया जाएगा जिससे आने वाली गर्मी में इस क्षेत्र के लोगों को दोहरे सप्लाई का लाभ मिलेगा।

**-बी बी नेताम,** डीई, ग्रामीण कोरबा

# तेज रफ्तार कार टकराई पेड़ से, डॉक्टर की मौत


दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी के विभागीय हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टर की तेज रफ्तार कार पेड़ से जा टकराई। इस सड़क हादसे में कार सवार डॉक्टर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांव शुरु कर दी है।

मामला दर्री थाना क्षेत्र की है। यहां एनटीपीसी के विभागीय अस्पताल में पदस्थ डॉ विशाल तिवारी अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीजी 5403 में सवार होकर अपने मकान से अगारखार की ओर जा रहे थे तभी उसकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और कार सीधे सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार का एयरबैग भी खुल गया। इस हादसे में वो ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- दर्री थाना क्षेत्र के अगारखार के समीप हुई थी दुर्घटना

# मानव-हाथी द्वन्द रोकने की दिशा में उठाएं प्रभावी कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानव-हाथी द्वन्द्व रोकने हेतु गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर की उपस्थिति में आयोजित की गई। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी-मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस संबंध में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने हाथी विचरण क्षेत्रों में वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त कराते हुए निर्धारित ऊँचाई तक बढ़ाने की बात कही। इस हेतु विद्युत विभाग को वन विभाग के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुसार इन क्षेत्रों में कम ऊंचाई वाले विद्युत तारों की आवश्यकतानुसार ऊपर बढ़ाने एवं अवैध हुकिंग पर भी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में स्थित धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी, उठाव एवं परिवहन शीघ्रता से कराने के लिए कहा। साथ ही इन क्षेत्रों में क्रेडा के माध्यम से सोलर हाईमास्ट लाईट लगाने हेतु डीएफओ कटघोरा को ऐसे स्थानों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाथी विचरण क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने हेतु उद्यानिकी विभाग को कार्ययोजना तैयार कर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसी एक गांव में कार्य प्रारंभ करने की बात कही। कलेक्टर ने आबकारी अधिकारी को वनांचलों में अवैध महुआ लाहान, महुआ शराब के निर्माण व भण्डारण पर भी निरंतर कार्यवाही करने के लिए कहा। साथ ही पुलिस विभाग को जिले में हाथियों से जान-माल की क्षति को बचाने के लिए वन विभाग का पूर्ण सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों एवं जनहानि की घटनाओं पर यथाशीघ्र मुआवजे का वितरण कराने ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- जिला स्तरीय समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश


अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

# श्रमिक संगठनों की कामबंद हड़ताल 16 फरवरी को, प्रभावित होगा उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल जगत में श्रमिक संगठनों ने कामबंद हड़ताल का ऐलान किया है। 16 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी कामबंद हड़ताल कोल सेक्टर में भी होगी। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में प्रस्तावित हड़ताल से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई है। हड़ताल होने से कोल इंडिया के अनुषंगी कंपनियों के उत्पादन लक्ष्य पर असर पड़ेगा। कंपनियों के सामने लक्ष्य हासिल करने की चुनौती रहेगी। श्रमिक संगठन एचएमएस, इंटक, सीटू और एटक के कोल फेडरेशन के नेताओं की कोयला उद्योग के मुद्दे तय करने वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें हड़ताल का निर्णय लिया गया है।

वर्चुअल बैठक में चारों केंद्रीय श्रमिक संगठन से 10-10 प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। बैठक में अप्रत्यक्ष तरीके एमडीओ, रेवन्यू शेयरिंग के जरिए कोयला खदानों का निजीकरण करना, 9.4.0, कॉन्ट्रेक्ट एम्प्लायमेंट सहित कोल सेक्टर के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। हड़ताल की मांगों में कोयला उद्योग से संबंधित मुद्दों को सम्मिलित किए जाने और इसका चयन करने एक चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में इंटक से एसक्यू जमा, सीटू से डीडी रामनंदन, एचएमएस से शिवकुमार यादव, एटक से सीजे जोसेफ शामिल किए गए हैं। यह कमेटी हड़ताल के लिए चार्टर ऑफ डिमांड तैयार करेगी। डीडी रामनंदन ने बताया कि 30 जनवरी को कोल इंडिया प्रबंधन को संयुक्त तौर पर हड़ताल पर जाने का नोटिस दिया जाएगा। श्रमिक संगठनों द्वारा सीआईएल और अनुषांगिक कंपनियों में संयुक्त कन्वेंशन, गेट मीटिंग की जाएगी। इंटक नेता एसक्यू जमा और एचएमएस के शिवकुमार यादव ने कहा कि पूरी एकजुटता के साथ कोल सेक्टर में 16 फरवरी की हड़ताल सफल की जाएगी। बैठक में एचएमएस से हरभजन सिंह सिद्धु, नाथूलाल पांडेय, शिवकुमार यादव, सीटू से डीडी रामनंदन, ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बातें**

- 16 फरवरी को कोल सेक्टर में होगी हड़ताल, श्रम संगठनों की बैठक में लिया गया निर्णय
- चार सदस्यीय कमेटी का गठन, संयुक्त कन्वेन्शन और की जाएगी गेट मीटिंग

### हड़ताल के ये हैं प्रमुख मुद्दे

यहां बताना होगा कि संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय श्रम संगठनों एवं महासंघों के मंच ने 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल और ग्रामीण बंद बुलाने का आह्वान किया है। संयुक्त मंच फसलों के उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य, श्रमिकों को 26 हजार रुपए की न्यूनतम मासिक मजदूरी, चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, आईपीसी एवं सीआरपीसी में किए गए संशोधनों को निरस्त करने और रोजगार गारंटी को मौलिक अधिकार बनाने की मांग कर रहा है। श्रमिक संगठन रेलवे, रक्षा, बिजली, कोयला, तेल, इस्पात, दूरसंचार, डाक, बैंक, बीमा, परिवहन, हवाई अड्डों, बंदरगाह के सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण नहीं करने की भी मांग कर रहे हैं।

### ये हैं अन्य मांगे

अन्य मांगों में शिक्षा और स्वास्थ्य का निजीकरण रोकना, नौकरियों में संविदा नियुक्ति पर लगाम, निश्चित अवधि के रोजगार को खत्म करना, प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष 2 सौ दिन कार्य और 6 सौ रुपये की दैनिक मजदूरी के साथ मनरेगा को मजबूत करना, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना और संगठित एवं असंगठित दोनो क्षेत्रों में कार्यरत सभी लोगों को पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराना शामिल है।

### कलेक्टर के निरीक्षण के बाद हुई साफ-सफाई, अंदर के कमरे अभी भी बदहाल

# कल्चरल हाउस को उपयोग में लाने नगर निगम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के डिंगापुर क्षेत्र में डीएमएफ मद से बनाए गए कल्चर हाउस को चलाने के लिए नगर निगम सामने आया है। पिछले दिनों कलेक्टर ने अपने दौरे के दरमियान कल्चर हाउस का जब निरीक्षण किया तो उसकी बदहाल स्थिति सामने आ गई। कलेक्टर के निर्देश पर भवन के सामने झाड़ियों की सफाई तो कर दी गई, लेकिन अंदर की स्थिति अभी भी बदहाल है।

डीएमएफ मद से शहरी क्षेत्र में कई ऐसे शासकीय भवनों का निर्माण तो कर दिया है, किंतु उनके संचालन को लेकर कोई कार्य योजना नहीं बनी। परिणाम स्वरूप करोड़ों की लागत से बने सरकारी भवन अपनी दूरदशा पर आंसू बहा रहे हैं। ऐसे ही भवनों में शामिल हैं डिंगापुर क्षेत्र का कल्चर भवन, जिसका निर्माण डीएमएफ मद से किया गया था। लगभग 3 करोड़ की लागत से बने उक्त भवन में 6 बड़े हाल हैं, जिसका उपयोग शासकीय दफ्तरों को चलाने या एक बड़े सामाजिक भवन के रूप में किया जाता है, किंतु बीते 3 वर्ष से कल्चर भवन बदहाल पड़ा हुआ है। प्रारंभ में कल्चर भवन को चलाने के लिए शिक्षा विभाग सामने आया था। तत्कालीन शिक्षा अधिकारी सतीश पाण्डेय ने प्रशिक्षण केन्द्र चलाने के उद्देश्य से भवन को अपने अधीन किया था, किंतु उनके स्थानांतरण के बाद योजना मूर्त रूप नहीं ले सकी और अंततः शिक्षा विभाग ने उक्त भवन को ⏭ शेष पेज 3 पर


फाइल फोटो

### भेजा गया है प्रस्ताव

कल्चर हाउस का निरीक्षण के साथ ही उसके संचालन के लिए जिला प्रशासन के समक्ष नगर पालिक निगम के द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। प्रशासन के ऊपर निर्भर है भवन का हस्तांतरण करना है।

**-खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नपानि

### कई शासकीय दफ्तर किराए में

जिला प्रशासन के कई ऐसे सरकारी दफ्तर हैं जो अभी भी किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं। जिन्हें अपना स्वयं का भवन नहीं मिल सका है। ऐसे दफ्तरों में जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक, खनिज विकास निगम, जिला विपणन विभाग, जिला आयुर्वेद विभाग शामिल है। इनके अलावा महिला बाल विकास विभाग के बाल सम्प्रेक्षण गृह तथा बालक एवं बालिका गृह शामिल है, जिन्हें अपना भवन नहीं मिल सका है। साथ ही सखी सेंटर भी किराए के भवन में संचालित हो रहा है। इसके अलाव जिला आयुर्वेद विभाग का दफ्तर भी निहारिका क्षेत्र में संचालित है। ऐसे सरकारी दफ्तरों अभी भी अपने स्वयं के भवन के लिए इंतजार में बैठे हुए हैं।

### युवक हुआ धोखाधड़ी का शिकार

**कोरबा।** दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत पीएल टंडन नामक युवक ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने डॉक्टर से अपाइंटमेंट के लिए गूगल से नंबर सर्च किया था और उस नंबर पर उसने संपर्क किया और वह उसके झांसे में आ गया और अपाइंटमेंट के लिए राशि की मांग किए जाने पर उसने ऑनलाइन पेमेंट किया और अपने बैंक एकाउंट की गोपनीय जानकारी उससे शेयर कर दी और इसी बीच उसके एकाउंट से एक बार 90 हजार रुपए व एक बार 99 हजार रुपए खाते से कट गए तब उसे पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गया है। प्रार्थी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

23 Jan-Jash Bhoomi pg 2_Layout 1 1/23/2024 7:58 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जर्मनी गायिका ने गाया श्रीराम का गाना मिले 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज



**लॉस एंजेलिस।** जर्मनी की मशहूर सिंगर कैसेंड्रा माई स्पिटमैन का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिन्होंने श्रीराम गाना गाकर सभी का दिल जीत लिया है। उनका यह वीडियो इंटरनेट पर खूब सुर्खियां बटोर रहा है। कैसेंड्रा स्पिटमैन ने द वॉइस इन माई हेड और माउंटेन जैसे गानों से लोकप्रियता हासिल की है। भारतीय संस्कृति और उसके गीत भजन के प्रति उनका रुझान हमेशा से रहा है। जर्मन गायिका को भारतीय गाने पसंद हैं, जिन्हें वह अपनी आवाज में गाने की कोशिश करती हैं। इंस्टाग्राम पर कैसेंड्रा के करीब 5 लाख 77 हजार फॉलोअर्स हैं। कैसेंड्रा स्पिटमैन अंधी हैं लेकिन उनकी आवाज़ ही उन्हें परिभाषित करती है। कैसेंड्रा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सिंगर कैसेंड्रा मे स्पिटमैन अपनी आवाज में धार्मिक गाना राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी गा रही हैं। उनके वीडियो को अब तक 2 लाख 80 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं और फैंस उनकी आवाज की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

एक इंटरव्यू के दौरान जब कैसेंड्रा से पूछा गया कि वह केवल भारतीय मंत्रों और गीतों को ही क्यों रीक्रिएट करती हैं। इसका जवाब देते हुए कैसेंड्रा ने कहा, मेरा अपना निजी संबंध है, जो पिछले छह वर्षों में मुझमें विकसित हुआ है। इसी संबंध के माध्यम से मेरे मन में यह विचार आया है कि कई संस्कृतियां हैं और आध्यात्मिकता के कई तरीके हैं। इसका मार्ग लोग अपना सकते हैंए लेकिन सनातनी धर्म ही वह धर्म है, जिसके साथ मैं सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करती हूं।

### टॉलीवुड

## 1000 करोड़ में बनेगी महेश बाबू की एसएसएमबी 29



**मुंबई।** तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की अपकमिंग मूवी को लेकर फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर है। टॉलीवुड प्रिंस की ये मूवी जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है। हाल ही में फिल्म के निर्देशक एसएस राजामौली के पिता विजेंद्र प्रसाद ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि फिल्म की स्क्रिप्टिंग का काम पूरा हो चुका है। इस मूवी को अब मेकर्स शूटिंग स्टेज पर लेकर जाने की तैयारी में हैं। निर्देशक एसएस राजामौली के पिता ने बताया कि फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ये मूवी इसी साल गर्मियों में फ्लोर पर जाने वाली है। खबरों की मानें तो फिल्म को लेकर अगला बड़ा ऐलान भी इसी साल गर्मियों में होगा। इस खबर के बाद कयास लगने लगे है कि मूवी का फर्स्ट लुक गर्मियों में रिलीज होगा। जिसकी वजह से हर किसी की नजर इस मूवी के आने वाले ऐलान पर टिकी है। बता दें कि सुपरस्टार महेश बाबू और निर्देशक एसएस राजामौली की मूवी एसएसएमबी 29 को मेकर्स भारी भरकम बजट में बनाने वाली है। अभी तक मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी को मेकर्स 1000 करोड़ रुपए में बनाएंगे। ये एक जंगल एडवेंचर मूवी है। जिसे निर्देशक एसएस राजामौली पैन इंडिया नहीं बल्कि पैन वर्ल्ड स्तर पर बनाने की तैयारी में हैं।

### भोजपुरी

## माता सीता बनकर छाईं रानी चटर्जी एक्ट्रेस की तस्वीर वायरल



**मुंबई।** भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस रानी चटर्जी अपने सोशल मीडिया पोस्ट्स की वजह से चर्चा में बनी रहती हैं। रानी चटर्जी को लोग इंटरनेट की क्वीन कहते हैं क्योंकि उनका कोई भी पोस्ट पलभर में वायरल हो जाता है। रानी चटर्जी खूबसूरती और एक्टिंग के मामले में बॉलीवुड की तमाम बड़ी एक्ट्रेसेस को टक्कर देती हैं। इस बीच भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी का एक पोस्ट सामने आया है, जो कि इंटरनेट वर्ल्ड में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। सामने आई इस तस्वीर को देख सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए हैं। रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट को अपडेट करते हुए एक तस्वीर शेयर की है, जो कि इंटरनेट पर आग की तरह फैल रही है। सामने आई इस तस्वीर में रानी चटर्जी माता सीता के अवतार में नजर आ रही हैं। रानी चटर्जी का ये लुक देख सभी लोग गदगद हो गए हैं। बता दें कि रानी चटर्जी की इस तस्वीर पर लोग जमकर रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन रानी चटर्जी ने ये फोटो शेयर की है। इस बात के लिए रानी चटर्जी की लोग तारीफ कर रहे हैं। भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। रानी चटर्जी के हर एक पोस्ट को लोग दिल खोलकर प्यार देते हैं। अदाकारा रानी चटर्जी ने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया हैं। इसके अलावा वो टीवी में भी धमाल मचा चुकी हैं।

## लाइफ स्टाइल



### ट्रेडिशनल लुक में

टीवी एक्ट्रेस सुरभि ज्योति अपनी एक्टिंग के साथ स्टाइलिश ड्रैसिंग स्टाइल से भी सुर्खियों में रहती है। हाल ही में सुरभि ने फोटोशूट करवाया है, जिसमें वह अनारकली लुक में नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने व्हाइट और गोल्डन रंग की ड्रेस वियर की है। ड्रेस के साथ सुरभि ने मैचिंग हैवी ज्वैलरी पहनी है। बालों में लगा गजरा और मिनिमम मेकअप सुरभि की लुक को पूरा कर रहा है। फैंस ने उनके इस ट्रैडीशनल लुक को काफी पसंद किया।

## अगर लगाना चाहतीं है प्रोफेशनल तरीके से आईलाइनर तो भूलकर न करें ये गलतियां

बहुत से लोग आईलाइनर को आंखों की अपर लिड के साथ लोअर लिड पर भी लगा लेते हैं और इससे कई बार आईलाइनर आंखों में फैल जाता है। इतना ही नहीं आपके आंखों के आस पास आईलाइनर फैल कर त्वचा को काला कर देता है और फिर उसे आसानी से रिमूव नहीं किया जा सकता है। कई बार तो आंखों के अंदर भी आई लाइनर चला जाता है। बता दें कि आईलाइनर में मौजूद केमिकल आपकी आंखों में चले जाते हैं तो जलन और खुजली होने लग जाती है और कई बार तो आंखों में लालपन भी आ जाता है।

**आईलाइनर लगाते वक्त पलके झपकना :** बहुत सारे लोगों को आईलाइनर लगाते वक्त डर लगता है और नेचुरली उनकी आंख झपकने लग जाती हैं, ऐसे में आपको आईलाइनर लगाने से पहले थोड़ा रिलैक्स हो जाना चाहिए और फिर इसे लगाना चाहिए। यदि आप बार.बार आंखों को झपकेंगी, तो न केवल आपका आईलाइनर खराब होगा बल्कि आईलाइनर आपकी आंखों के अंदर भी जा सकता है, जिससे आपकी आंखों में इरिटेशन हो सकती है।



### वॉटरी आइज पर आईलाइनर लगाना

बाजार में आपको एक नहीं कई प्रकार के आईलाइनर मिल जाएंगे। आपकी आंखें वॉटरी हैं और काजल या आईलाइनर लगाते वक्त आपकी आंखों से पानी आता है तो लिक्विड आईलाइनर की जगह आपको काजल पेंसिल या फिर क्रीमी आईलाइनर का प्रयोग करना चाहिए। यह आईलाइनर आपको रोलर या फिर पेंसिल नुमा पैटर्न में मिलेगा। आप इससे आसानी से आंखों पर लाइन ड्रॉ कर सकती हैं। इतना ही नहीं आप काजल का प्रयोग करके भी आईलाइनर लगा सकती हैं।

### एप्लीकेटर की जगह किसी और से आईलाइनर लगाना

यदि आप सोच रही हैं कि एप्लीकेटर की जगह आप यदि ब्रश या फिर लकड़ी की सींक से आईलाइनर लगा सकती हैं तो आपको बता दें कि यह बहुत ही खतरनाक इरादा है क्योंकि एप्लीकेटर को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि उससे आप जब आईलाइनर लगाती हैं तो चोट लगने का डर नहीं रहता है। वहीं आप यदि किसी और साधन से आईलाइनर लगाएंगी तो आईलाइनर ठीक से लगेगा भी नहीं और इससे आपकी आंखों पर चोट भी लग सकती है।

## नहीं तय कर पा रही हैं कलर का चयन, सदाबहार लाल रंग है ना




**नई दिल्ली।** सिर्फ शादी ही नहीं बल्कि त्योहारों के लिए भी लाल रंग से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। सिर्फ नवविवाहित दुल्हनों पर ही नहीं, लाल रंग हर उम्र की महिलाओं पर खिलता है। गोल्ड और रेड का कॉम्बिनेशन ज्यादा अच्छा लगता है। अगर आप तय नहीं कर पा रहे हैं कि शादी या पार्टी में कौन से रंग के कपड़े पहनें तो बेझिझक लाल रंग चुनें।

**भारी अलंकृत सूट :** त्योहार या पार्टी में सबसे अलग और खूबसूरत दिखने के लिए आप हैवी ड्यूटी ड्रेस कैरी कर सकती हैं। आजकल ऊनी सूटों में भी कई वैरायटी देखने को मिलती हैं। अगर बहुत ठंड है तो आप भारी ऊनी सूट भी पहन सकती हैं। इन दिनों फुल स्लीव्स और एंकल लेंथ कुर्ते ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।



**मखमली कुर्ता :** मखमली कपड़े पहनने का सबसे अच्छा समय सर्दी है। यह न सिर्फ आपको डिफरेंट लुक देता है, बल्कि इस मौसम में आपको कंफर्टेबल भी रखता है। वेलवेट सूट या साड़ी पहनकर आप बिल्कुल अलग और खूबसूरत दिख सकती हैं। इससे किसी भी तरह की लेयर्स की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**घुटनों तक लंबी सोने की पोशाक :** इस मौके पर अगर आप सूट और साड़ी के अलावा कुछ और ट्राई करना चाहती हैं तो सोने से सजी इस तरह की हैवी ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। जो देखने में बेहद खूबसूरत लगता है। इसके साथ बहुत सारी ज्वेलरी कैरी करने की जरूरत नहीं है।

**मेकअप को रखें बेदाग :** अगर आप अपना मेकअप बेदाग रखेंगी तो आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलेगा क्योंकि लोहड़ी का त्योहार रात में मनाया जाता है और इसके साथ.साथ ढेर सारी मौज मस्ती भी होती है, इसलिए हैवी बेस की बजाय हाइलाइटिंग मेकअप चुनें। यह देखने में तो शानदार लगता है लेकिन आपको भारहीन महसूस कराता है।

**अपने पहनावे के अनुसार ही आभूषण चुनें :** अगर आप फ्लोर लेंथ आउटफिट पहन रही हैं तो आप ईयररिंग्स के साथ मांग टीका पहन सकती हैं लेकिन गले पर कुछ भी न पहनें वरना आपका लुक काफी हैवी लगेगा। अगर आप पटियाला या शरारा टाइप सूट पहन रही हैं तो उसके साथ घुंघरू जड़ित गुंबद ईयररिंग्स या चांद ईयररिंग्स अच्छे लगेंगे। आप गले में हल्की चेन के साथ छोटा पेंडेंट पहन सकती हैं और हाथों में ब्रेसलेट या ब्रेसलेट के साथ लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

## भारी हाथों के लिए बेस्ट है अरेबिक मेहंदी डिजाइन

**नई दिल्ली।** अरेबिक डिजाइन की मेहंदी को आजकल बेहद पसंद किया जा रहा है। वहीं इस तरीके के मेहंदी के डिजाइन को बनाने के लिए आप टूथपिक और इअरबड्स की सहायता ले सकती हैं। इसका डिजाइन आप बारीकी से बनाएं। इसके अलावा मॉडर्न लुक देने के लिए आप कट आउट पैटर्न को भी चुन सकती हैं। इस डिजाइन को सबसे ज्यादा मुस्लिम कल्चर में लगाया जाता है।



**जालीदार मेहंदी डिजाइन :** जालीदार मेहंदी डिजाइन को आप कई तरीके से कस्टमाइज करके बना सकते हैं लेकिन अगर आप चाहती हैं कि सिंपल जाल के जगह आप हाथों को थोड़ा मॉडर्न लुक दें तो इसके लिए आप इस तरीके से हार्ट या स्टार का डिजाइन बना सकते हैं। वहीं जाल का डिजाइन आप ज्यादा चौड़ा न रखें अन्यथा आपके हाथों की चौड़ाई अधिक ज्यादा नजर आने लगेगी।

**बेल मेहंदी डिजाइन :** वैसे तो बेल में आपको कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आपके हाथ भारी और चौड़े हैं तो इस तरह से आप बारीक जालीदार केरी के डिजाइन को बना सकती हैं। बेल के डिजाइन के लिए आप चौड़े डिजाइन को चुनें ताकि आसानी से आपकी हथेली कवर हो जाये।

**सर्किल मेहंदी डिजाइन :** वैसे तो आपको सर्किल में मंडला और गोल टिक्की मेहंदी जैसे कई डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगेए लेकिन अगर आपके हाथ भारी हैं तो बड़े आकार का सर्किल बनाकर बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। हाथ भारी हैं तो आप उंगलियों पर भी इसी तरह से बारिकी से डिजाइन को बनाएं।

## सेलेरी का जूस बनाता है फेस को खूबसूरत, पार्टी में लगेंगी ग्लैमरस

**नई दिल्ली।** पार्टी में खूबसूरत दिखने के लिए लोग कई उपाय अपनाते हैं। कुछ लोग जहां महंगे प्रोडक्ट्स की मदद से अपनी त्वचा की देखभाल करते हैं तो कुछ घरेलू उपायों को अपनाकर अपनी स्किन को हेल्दी बनाते हैं। हालांकि इन सब उपायों के अलावा आपका खानपान भी आपकी त्वचा पर गहरा असर डालता है। हम जो कुछ भी खाते हैं, उसका असर सिर्फ हमारी सेहत ही नहीं त्वचा पर भी पड़ता है। ऐसे में सही खानपान की मदद से भी आप अपनी त्वचा को खूबसूरत और चमकदार बना सकते हैं। सर्दियों में अक्सर सर्द हवाएं आपकी त्वचा की नमी छीनकर इसे बेजान बना देते हैं। ऐसे में आप अपनी डाइट में सेलेरी का जूस शामिल कर त्वचा को स्वस्थ बना सकते हैं और पार्टी में खूबसूरत और ग्लैमरस लग सकती हैं।



### त्वचा को हाइड्रेट करें

त्वचा को हेल्दी और चमकदार बनाने के लिए इसका हाइड्रेट रहना बेहद जरूरी है। ऐसे में सेलेरी का जूस आपकी त्वचा को हाइड्रेड करने में मदद कर सकता है। जब आपकी त्वचा डिहाइड्रेट होने लगे तो आप सेलेरी के जूस को डाइट में जरूर शामिल करें। यह 95 प्रतिशत से अधिक पानी से बना होता है, जो इसे आपकी त्वचा के लिए एक बढ़िया हाइड्रेटिंग ड्रिंक साबित होता है। कोलेजन प्रोडक्शन बढ़ाता कोलेजन एक प्रोटीन है।

### शरीर को डिटॉक्सिफाई करें

सेलेरी में कौमारिन नामक एक कंपाउंड होता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए जिम्मेदार लिवर एंजाइम को उत्तेजित करता है। ऐसे में नियमित रूप से सेलेरी का जूस पीने से आपको बॉडी डिटॉक्स करने मे मदद मिलेगी।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

सेलेरी विटामिन ए और सी समेत एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है, जो त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करता है। ये फ्री रेडिकल्स आपकी सेल्स को नुकसान पहुंचा सकते हैं और समय से पहले बूढ़ा होना, झुर्रियां और डल स्किन का कारण बन सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

**पंखुड़ियों को आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है**

## गुलदस्ते का गुलाब सूख जाए तो फेंकने के बजाए इन तरीकों से करें इस्तेमाल

*नई दिल्ली। ताजे गुलाब के फूल तो हर किसी पसंद होते हैं लेकिन ये सूख जाने पर इसकी अहमियत कचरे से ज्यादा नहीं रह जाती। लेकिन जब गुलाब कोई बहुत ही स्पेशल व्यक्ति दे तो इसे फेंकने का मन नहीं करता है। यदि आपको गुलाब पसंद हैं और अक्सर आपके करीबी लोग इसे आपको गिफ्ट करते रहते हैं तो इसकी सूखी पंखुड़ियों को इस्तेमाल करने के आइडियाज को जरूर जान लें। सूखी गुलाब की पंखुड़ियां आसानी से एक से तीन साल तक स्टोर करके रखा जा सकता है। इसके लिए बस इसे अच्छी तरह से रखना जरूरी होता है। इसके बाद वह अपना रंग खोने लगती है।*



### तैयार करें गुलाब जल

यदि आप दुकान से खरीदकर गुलाब जल यूज करते हैं तो सूखी पंखुड़ियां आपके पैसे बचा सकती हैं। इसके लिए आपको बस 30 मिनट के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को पानी में उबालना है। इसके बाद पानी को छानकर एक एयर टाइट कंटेनर में स्टोर कर लें।

### बनाएं होममेड टी

सूखे गुलाब की चाय इसके इस्तेमाल का बहुत टेस्टफुल तरीका है। इसके लिए बर्तन में पंखुड़ियों के ऊपर 3 कप उबलता पानी डालें। बर्तन पर ढक्कन रखें और पंखुड़ियों को 20 से 30 मिनट के लिए पानी में छोड़ दें। 20 मिनट में चाय के स्वाद का नमूना लें अब जब पानी का रंग पूरी तरह से हल्का लाल हो जाए तो चाय छन्नी से पंखुड़ियों को छानकर चाय का मजा लें।

### डेकोरेटिव कैंडल बनाएं

घर में सूखे गुलाब हैं तो आप इसे नॉर्मल कैंडल को डेकोरेट करने के लिए यूज कर सकते हैं। इसके लिए थोड़े से वैक्स को गर्म करके उसमें गुलाब की पंखुड़ियां और स्पार्कल पाउडर मिलाएं। फिर कैंडल को इसपर रोल कर लें। ध्यान रखें वैक्स ज्यादा ठंडा ना हो वरना यह कैंडल पर अच्छे से चिपकेगा नहीं।



### रेडी करें होममेड फेस स्क्रब

गुलाब की सूखी पंखुड़ियों से स्क्रब तैयार करने के लिए ओट्स का पाउडर बनाएं और सूखी पंखुड़ियों को बारीक करके इसमें मिला दें। इस्तेमाल करने से पहले इसमें अपने फेवरेट एशेंशियल ऑयल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें।

## पाली-तानाखार विधानसभा के ग्राम तुमान व हसदेव आरती में हुए शामिल हुए विकास महतो

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह में डूबा रहा कोयलांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर ग्राम तुमान में आयोजित भोग भंडारे में जहां ग्रामीणों के साथ उन्होंने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शहर में हसदेव नदी के तट पर आयोजित महाआरती में भाजपा नेता विकास महतो शामिल हुए। उन्होंने महाआरती के दोरान नगरवासियों को राम मंदिर में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी।

ग्राम तुमान में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजा अर्चना कर भोग प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महतो उपस्थिति हुए। श्री महतो ने कहा कि हम उस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं जिसके लिए हमारी कई पीढ़ियां खप गई। 500 वर्षों से भी अधिक की त्याग, तपस्या और बलिदान के बाद यह सुनहरा अवसर हमारे भाग्य में आया है। यह केवल श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर नहीं, बल्कि भारतवर्ष के आगामी भविष्य का एक नया सूर्योदय है जहां से हमारी गौरवशाली परंपरा के आधार पर एक सुनहरा भविष्य आकार लेगा। कार्यक्रम के पश्चात सर्वमंगला मंदिर के समीप हसदेव नदी के तट पर नमामि हसदेव के बैनर तले आयोजित हसदेव आरती में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होकर आरती किए। कार्यक्रम में श्री महतो, वीके धर, अखिलेश दुबे, महामंत्री संतोष देवांगन, उपाध्यक्ष डॉ.अलोक सिंह, संदीप सहगल, मनोज मिश्रा, दीपक खड़ायत, समीर पांडेय, पंकज प्रजापति, डा. पवन सिंह, ऋषभ सिंह, विवेक मार्कण्डेय, हरिनारायण सिंह, बूढ़ान सिंह, अमित साहू, राहुल जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।


आरती करते भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास महतो।

### दीपका में किया गया 21 हजार दीप प्रज्वलित

दीपका उर्जा नगर बड़ा शिव मंदिर में भव्य गंगा आरती एवं 21 हजार दीप प्रज्वलित किया गया। जिसमें बड़ा शिव मंदिर समिति के सदस्यों के सहयोग से यह कार्यक्रम बड़े ही भव्य तरीके से संपन्न हो सका। कार्यक्रम में एसपी जितेंद्र शुक्ला, पूर्व खाद्य आयोग के अध्यक्ष ज्योति नंद दुबे, भानु सिंह कार्यक्रम के आयोजन करता अभिषेक सिंह, अविनाश सिंह सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विमल सिंह, मान सिंह, रितेश रंजन सिंह, संतोष सिंह, राजेश, सुशील तिवारी, हेमचंद सोनी, साजी थॉमस, श्रीमती बुधवारा देवांगन, श्रीमती उत्तर कुंभकार, श्रीमती बीना जयसवाल, श्रीमती सुभद्रा यादव, मनोज दुबे, आकाश सिंह, विवेक सिंह, सुजीत सिंह, दिनेश मित्तल, विशाल शुक्ला, दीपिका गेवरा के सभी गणमान्य नागरिक एवं सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक एवं बालक बालिकाएं छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं बालक बालिकाएं एवं एवं दीपिका गेवरा कॉलोनी की महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा कड़ी मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाया गया कार्यक्रम में योगदान रहा।

### सेल्फी फ्रेम रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र

लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शीतल पेयजल के पास मुख्य मार्ग पर लॉयन्स के बैनर तले श्रीराम चन्द्र व अयोध्या मन्दिर को अंकित करते हुए सेल्फी फ्रेम लगाया गया। जिसमें सर्वप्रथम कटघोरा विधायक प्रेमचन्द पटेल ने व आने-जाने वाले सभी लोगों ने सेल्फी फ्रेम में खड़े होकर अपने फोटो खिंचवाए।



### श्रीराम की रंगोली को देखने उमड़ पड़ी भीड़

जय देवा गणेशोत्सव समिति कटघोरा के द्वारा शहीद वीरनारायण चौक के समीप भव्य पंडाल लगाया गया जिसमें रायपुर से प्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भगवान श्री राम चन्द्र की अयोध्या मन्दिर सहित जो रंगोली बनाई गई थी वह देखते ही बनती थी सांथ ही पूरे पंडाल को 11 हजार दीपज से सजाया गया था सांथ ही आरती के पश्चात समिति के द्वारा लगभग 2 घण्टे तक जो आतिशबाजी की गई इतनी आतिशबाजी तो दीपावली में भी नही की गई होगी समिति के सदस्यों ने इस आयोजन के लिए दिन रात मेहनत की थी।

### सप्तदेव मंदिर में बंटा खीर-पुडी प्रसाद

हरदीबाजार सप्देव मंदिर प्रांगण में श्रीराम भक्तों के द्वारा पूजा अर्चना कर खीर पुड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर कांति राठौर, विनय चंद्राकर, चुलेश्वर राठौर, यशवंत राठौर, व्यास राठौर, यद्दुराज राठौर, किशोर यादव, तरुण डिक्सेना, संजय राठौर, विक्की जायसवाल, पिंटू, निखिल राठौर, रवि राठौर, पप्पू राठौर, शंकर चंद्राकर, जनपद सदस्य अनिल टंडन, दीनू जायसवाल, उमेश वस्त्रकार सहित बड़ी संख्या शामिल रहे।



### मड़वारानी में जले 2100 दीप


श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीरामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सिद्ध पीठ मंदिर पहाड़ ऊपर परिसर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। हवन, पूजन कीर्तन भजन का गायन एवं 2100 दीप प्रज्ज्वलित किया गया। मां मड़वारानी सेवा एवं जन कल्याण समिति के सचिव विनोद कुमार साहू प्राण प्रतिष्ठा में यजमान श्रीमती सीमा विनोद कुमार साहू, जनार्दन प्रसाद दुबे के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सलिहाभांठा में निकली शोभायात्रा

प्राण प्रतिष्ठा के स्वर्णिम दिवस को यादगार बनाने 22 जनवरी को विविध आयोजन संपन्न हुए। प्रसिद्ध दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक पूजा अर्चना की गई। दोपहर 1 बजे से से 3 .30 बजे तक सुंदरकांड का पाठ किया गया। शाम 4 बजे से शाम साढ़े 7 बजे तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दक्षिणमुखी सिद्ध हुनमान मंदिर से रामरथ शोभायात्रा के लिए निकली। साथ ही विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।



### लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी ने की पेयजल की व्यवस्था

नगर की समाज सेवी संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा अयोध्या में भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में हनुमान मंदिर स्थित भंडारे में लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुद्ध व शीतल पेय जल की व्यवस्था की गई, जिसका भंडारा स्वरूप प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात लोग शीतल पेय जल का आनंद लिए। क्लब के उपाध्यक्ष राकेश गोयल ने बताया कि आज पूरा देश राममय हो गया है, जगह-जगह लोग मन्दिरों में पूजन कर प्रसाद स्वरूप भंडारे लगाए गए हैं। जिसमें क्लब के द्वारा पेयजल की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, संजय सिंघल,अनिल दुहलानी,नवीन गोयल, ओमप्रकाश डिकसेना, केशव अग्रवाल, सहित क्लब अध्यक्ष अजय धनोदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग, सचिव आशीष अग्रवाल, राकेश गोयल, राकेश पांडेय, राकेश बंसल, भरत अग्रवाल, शुभम मित्तल, मुकेश गोयल, प्रताप वाटवानी, इखलाक शेख, प्रकाश अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, सांवरिया मित्तल, नितिन मित्तल रूपेश सोनी, विकेश अग्रवाल, अतुल मित्तल, दीपक गर्ग, चिंटू अग्रवाल सहित सभी अन्य सदस्य एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



### डीजे के धुन पर नाचते गाते निकाली रैली


श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा स्थापना एवं दीप उत्सव के महापर्व पर हरदीबाजार के श्रीराम युवा समिति के द्वारा श्रीराम रथ यात्रा निकाली गई। लीलागर नदी तट पर विराजमान श्रीराम लक्ष्मण माता सीता की पूजा अर्चना कर डीजे के धुन पर जय जय श्री राम की नारा लगाते हुए श्री राम भक्तों के द्वारा आतिशबाजियों के साथ महिलाएं, पुरुष,बच्चो सहित सभी भक्तों ने श्री राम जी की जय जय कारा लगाते हुए रैली के साथ कॉलेज चौक तक पहुंचा। वहां से बस स्टैंड होते हुए सराई सिंगार स्थित बजरंग चौक हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर संपन्न किया। इस दौरान जगह-जगह पर भक्तजनों ने खीर पुरी का प्रसाद वितरण किया।

### पाली में निकाली गई शोभायात्रा


शिव की नगरी पाली में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई। जलाराम मंदिर से प्रारंभ होकर पाली क्षेत्र का भ्रमण किया गया। रैली में महिला और युवतियों ने उत्साह के साथ शामिल रहे। शोभायात्रा में महिला, युवतियों और युवा हर उम्र और तबके के लोग भगवान राम के जयकारे लगाते हुए नजर आए। शोभायात्रा में सबसे आगे रथ पर रामदरबार तथा अयोध्या मंदिर की झांकी ने सभी को आकर्षित कर रही थी।

### ग्रामीण अंचल में निकाली गई कलश शोभायात्रा

रविवार को चैतमा सहित आसपास के ग्रामीण अंचल में विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया। जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। चैतमा सहित आसपास के सभी मंदिरों में भजन, कीर्तन और अखंड रामायण शुरू हुआ। इसके पहले विभिन्न आयोजकों की तरफ से शोभा यात्रा निकाली गई। चैतमा महामाया मंदिर से शोभायात्रा निकाली, जो गांव के हर मोहल्ले में गुजरी, छोटे छोटे बच्चों व महिलाओं ने कलश यात्रा में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान से पूजा पाठ किया गया। मंदिर परिसर में 11 सौ दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान अमर नाथ कैवर्त, सुकालू प्रजापति, राकेश शर्मा, कमल दुबे, शीतल शर्मा, दसरथ प्रजापति, लक्ष्मी केवर्त, जय प्रकास प्रजापति, गिरीश पारसे, प्रभासिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे।



# स्वाधीनता संग्राम में अपना जीवन न्यौछावर किया: महापौर


जयंती अवसर पर उपस्थित महापौर, सभापति एवं उपस्थित अन्य कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयंती मनायी गई। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने देश की स्वाधीनता के संग्राम में अपने जीवन को समग्र न्यौछावर कर दिया। सुभाष बाबू के पिता भी राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने काफी आशाओं के साथ सुभाष बाबू को आईसीएस परीक्षा के लिए भेजा सन 1920 में आईसीएस परीक्षा में चौथे स्थान पर आकर सुभाष बाबू ने सभी को अचंभित कर दिया था, लेकिन देशभक्ति से प्रेरित होकर सुभाष बाबू ने आईसीएस की नौकरी छोड़ दी और उन्हे कांग्रेस स्वयंसेवक दल के कप्तान बनाए गए।

**खास बात**

- कांग्रेसियों ने मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

उक्त बातें महापौर राजकिशोर प्रसार ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कही। इस दौरान सभापति श्यामसुंदर सोनी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद करते हुए कहा कि आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर नेताजी ने भारतीय रीति से साम्प्रदायिक एकता का जो आदर्श प्रस्तुत किया वह सर्वथा स्मरणीय एवं अनुकरणीय है। महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में नेताजी का नारा तुम मुझे खुन दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी के इस नारा से देश का बच्चा-बच्चा सहित प्रत्येक नागरिकों के हृदयों में स्फूर्ति, आशा और नये प्राणों का संचार होने लगा था। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संतोष राठौर, इंटक पदाधिकारी मनहरण राठौर, महासचिव नरायण अग्रवाल, प्रवक्ता सुरेश कुमार अग्रवाल, भुवन पाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई।

### बंग समाज ने मनाई सुभाष जयंती

बंग समाज ने सुभाष चौक निहारिका में सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर कोरबा बंग समाज के अध्यक्ष डॉ.देवनाथ एवं प्रोफेसर कुणाल दास गुप्ता द्वारा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। कोरबा बंग समाज के उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के चरणों में पुष्प गुच्छ एवं मोमबत्ती जलाकर उन्हें उन्हें याद किया गया। कोरबा बंग समाज के अध्यक्ष डॉ देवनाथ ने नेताजी को स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी की जिंदगी और देश के लिए उनका त्याग आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर डॉ आशीष पाल, रंजीत कर, विजय बर्मन, संदीप पाल, कमल मजूमदार, प्रणव डे, सुभाशीष भट्टाचार्य, सुभाष दास, अशोक गोस्वामी, विजय सांतरा, पियूष सोम, श्रेया सरकार, श्रुति सरकार, श्रीमती शीला विश्वास, श्रीमती सविता सरकार, श्रीमती नमिता बैरागी, सुब्रत मित्र, अनिमेष गांगुली, शिवरंजन सरकार, देवव्रत बनर्जी, रजत कर, सुकांतो सरकार, श्रीरूप बैरागी, आलोक गुहा अंजय, अजीत सेन गुप्ता, अमलान दत्ता, सुवेंदु शीट, अंजन डे सहित अन्य उपस्थित थे।



### कोसाबाडी मंडल ने नेता जी को किया याद

मंगलवार को स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर कोसाबाडी मंडल के द्वारा पर निहारिका स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस दौरान कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चंदन सिंह, पूर्व महामंत्री ललेश द्रुबे, शक्ति केंद्र संयोजक धर्मपाल सोलंकी, हरेराम, विलास बुटोलिया, गोपलाल राठीया, सहरता राम डड़सेना, सुभाष राठौर, प्रवीण रैदास, भारत सिंह चौहान, जयेश टाक, रामदास पटेल एवं मीडिया प्रभारी रितेश कुमार साहू उपस्थित रहे।



# शिवाजीनगर के मंदिर में हुई भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शहर के शिवाजी नगर वार्ड में स्थित त्रिशक्ति मंदिर में मंगलवार को धूमधाम से भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। जिसके बाद भोग भंडारा किया गया। वहीं दोपहर बाद राम कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंदिर समिति के पदाधिकारी वैभव शर्मा, अयोध्या प्रसाद सोनी, पार्षद अनुज जायसवाल, रामकुमार राठौर, नागेंद्र श्रीवास, नरेश श्रीवास, गणपति सुधाकर वानखेडे, कुशल मनहरण, राजेश देवड़ा व आयुष अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में सम्मानित होंगे तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा


भूषण मंडावी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 अधिकारियों का चयन किया गया है। जिले के कटघोरा विधानसभा क्रमांक 22 के कटघोरा तहसील कार्यालय में पदस्थ तहसीलदार भूषण मंडावी का एआरओ पुरुस्कार के लिए चयनित किया गया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कालोनी के खाली...

पीछे नहीं हट रहे हैं। रोजगार कार्यालय से लेकर पीडब्ल्यूडी स्कूल के सामने एवं बालाजी मंदिर रोड में भी धीरे-धीरे जमीन कब्जा होते जा रही है। तमाम शिकयमों के बाद भी कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में बेजाकब्जाधारी सक्रिय हो गए हैं। कॉलोनी के बीचोंबीच खाली पड़ी जमीन भी इनसे अछूती नहीं है। सिंचाई विभाग अपनी रिक्त पड़ी जमीनों को बचाने के लिए कॉलोनी के चारों ओर बाउंड्रीवाल का कार्य शुरू किया है। आईटीआई चौक से बालाजी मंदिर रोड में निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। कुछ हिस्सों में बाउंड्रीवाल खड़ी हो गई है। मुख्य मार्ग होने के कारण छोटे-छोटे ठेले गुमटियां भी खड़े हो गए हैं। सिंचाई विभाग के दफ्तरों के आसपास की खाली पड़ी जमीन ही बेजाकब्जाधारियों से बची है। इसके अलावा कॉलोनी के बाहर की जमीन बेजाकब्जा की भेंट चढ़ चुकी है।

### तेज रफ्तार कार...

गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार डॉ विशाल तिवारी को राहगीरों द्वारा एनटीपीसी के विभागीय हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कोरबा के एक निजी हॉस्पिटल रैफर कर दिया गया उन्हें कोरबा ले जाने के दौरान ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### मानव हाथी...

हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया। कटघोरा वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत द्वारा हाथी-मानव द्वन्द रोकने की दिशा में विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के संबंध में बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों के आगमन की सूचना ग्रामीणों को विभाग द्वारा प्राथमिकता से दी जाती है एवं ग्रामीणों को अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है।

### श्रमिक संगठनों की ...

जीके श्रीवास्तव, वंश गोपाल चौधरी, इंटक से अनूप सिंह, एसक्यू जमा, सौभाग्य प्रधान, एटक से रमेन्द्र सिंह, हरिद्वार सिंह, सीजे जोसेफ सहित अन्य शामिल थे।

### कल्चरल हाउस...

हैंडओवर कर दिया गया। तब से भवन रखरखाव के अभाव में बदहाल की स्थिति में आ गए हैं। तीन दिन पूर्व कलेक्टर अजीत वसंत ने शहर में निर्मित शासकीय भवनों के निरीक्षण हेतु दौरा किया, तो वह डिंगापुर के इस कल्चर भवन में पहुंचे। जहां कि स्थिति को देखकर वे भौचक रह गए। उन्होंने इसके संबंध में अधिकारियों से जब जानकारी ली तो यही जवाब आया कि डीएमएफ से बना है, किसलिए बना है और कौन विभाग संचालित करेगा, इसके विषय में कोई कुछ नहीं बता सका। इस दौरान निगम के अधिकारी वहां मौजूद थे उन्होंने भवन को संचालित करने हेतु प्रभाव भी जिला प्रशासन को भेजा है। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार उपस्थित थे। निगम अधिकारियों ने बताया कि प्रस्ताव भेजा गया है, प्रशासन के निर्णय के ऊपर निर्भर है भवन को निगम को सौंपना।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप

### रामपुर विधायक ने क्षेत्रवार नियुक्त किए प्रतिनिधि

**कोरबा।** रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया ने रामपुर विधानसभा क्षेत्रवार विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं जिनमें खोड्डल निवासी प्रवीण ओगरे एवं भैंसमा निवासी सरमन सिंह कंवर को जिला पंचायत कोरबा, कछार निवासी घनश्याम राठिया को जनपद पंचायत करतला, सोलवां निवासी चनेश राम राठिया को राजस्व विभाग, नोनबिर्रा निवासी अहमद हुसैन को कृषि विभाग, नवापारा निवासी अमर खांडे को आबकारी विभाग, करुमौहा निवासी महेत्तर मंझवार को शिक्षा विभाग, भैसमा निवासी रफीक मेमन को ऊर्जा विभाग, घिनारा निवासी दीनानाथ राठिया को परिवहन विभाग, कोथारी निवासी संदीप राम केंवट को मत्स्य विभाग, आमापाली निवासी संदीप कुमार को कार्यालय प्रभारी एवं तुमान निवासी अशोक कुमार श्रीवास को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### हायर सेकेण्डरी स्कूल तिवरता में आयुर्विद्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कोरबा।** संचालक आयुष छत्तीसगढ़ शासन और जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार जैन के मार्गदर्शन में ब्लॉक संयोजक डॉ. जीआर प्रभुवा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तिवरता में आयुर्विद्या का राष्ट्रीय कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं को आयुर्वेद की जानकारी देते हुए दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार, स्वक्ष्ट सुमन के माध्यम से हाथ धोने की विधि बताई गई। साथ ही उनका प्रकृति एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर ऊंचाई और वजन लिया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया एवं औषधालय भ्रमण कराकर जड़ी बूटियों की पहचान कराई गई तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में भी जानकारी दी गई।

### स्वायल हेल्थ कार्ड योजनांतर्गत प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**कोरबा।** शासन की महत्वाकांक्षी स्वायल हेल्थ कार्ड योजना के तहत पायलेट प्रोजक्ट ऑन स्कूल स्वायल हेल्थ कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 एनटीपीसी एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-4 गोपालपुर स्कूल का चयन किया गया है। कार्यक्रम के द्वारा चयनित स्कूल के छात्रों एवं शिक्षकों को मृदा नमूना संग्रहण एवं विश्लेषण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र लखनपुर, कटघोरा के तत्वाधान में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी एवं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 गोपालपुर के विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मृदा नमूना लेने, मिट्टी परीक्षण एवं उससे संबंधित प्रयोगशाला के सभी उपकरण का जीवन्त प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में छात्र-छात्राओं को मिट्टी परीक्षण का महत्व की जानकारी देने के साथ ही कृषकों के मध्य स्वायल हेल्थ कार्ड की उपयोगिता के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।

### कारसेवक मंगलचंद का हुआ सम्मान



**कोरबा।** वाणिज्य, श्रम और उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन सोमवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। कोहड़िया स्थित शिव मंदिर से निकली मनमोहक शोभा यात्रा की परिवार संग पूजन अर्चना की। इसी तरह सर्वमंगला मंदिर में मंत्री श्री देवांगन ने माता रानी और प्रभु श्री राम की विशेष पूजन अर्चना मे शामिल होकर जिले और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही मंत्री श्री देवांगन द्वारा कारसेवकों का सम्मान किया गया। जिन कार सेवकों का सम्मान हुआ में मंगलचंद देवांगन भी शामिल हैं। मंगलचंद देवांगन जिला अधिवक्ता संघ कोरबा में अधिवक्ता व नोटरी भी हैं।

### तीन दिवसीय कृष्ण लीला महोत्सव का आयोजन आज से

**कटघोरा।** छत्तीसगढ के आठ स्थानों में कृष्ण रासलीला करने के बाद कटघोरा नगर में श्रीराधा रानी, कृष्ण लीला स्वरुप, रास महोतसव का आयोजन 24 से 26 जनवरी को प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे अग्रसेन भवन कटघोरा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम युगल उपासक उत्सव मंडल के तत्वावधान में, श्री धाम वृन्दावन से पधारे ब्रजवासी 20-22 कलाकारों के द्वारा संपन्न होगा। जिनके द्वारा कलाकार श्रीकृष्ण के लीलाओं की जीवन्त झांकी प्रस्तुत करेंगे।

### वनांचल में विद्युतीकरण नहीं होने की जानकारी आई सामने

# सौ से अधिक स्कूलों में नहीं पहुंची बिजली



दूधीटांगर का स्कूल जहां नहीं है बिजली।



बिजलीविहीन अजगरबहार का प्राथमिक शाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्रों के कई ऐसे स्कूल हैं जहां अभी भी बिजली जैसी मूलभूत सुविधा की दरकार बनी हुई है। ऐसे सकूलों की संख्या जिले में 100 से अधिक है। इसके अलावा कुछ स्कूल ऐसे भी हैं जहां कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन विद्युतीकरण नहीं हो सका है। इसे लेकर शिक्षक भी परेशान नजर आ रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान कुछ स्कूलों में विद्युतीकरण की व्यवस्था की गई थी।

ऊर्जाधानी जैसे अंचल में स्कूल बिजली विहीन है, जिसके संबंध में प्रशासन स्तर पर पूर्व में एक पहल हुई थी। उसके बाद से स्थिति जस की तस बनी हुई है। चुनाव के समय जिन स्कूलों को मतदान केन्द्र बनाया जाता है उन स्कूलों में चुनाव संपन्न कराने हेतु तत्कालीक रूप से विद्युत व्यवस्था की जाती है, किंतु स्थाई कनेक्शन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाती। यही कारण है कि विद्युत विहीन स्कूलों में स्थिति नहीं सुधर रही है। ऐसे स्कूलों में ज्यादातर वनांचल क्षेत्रों में संचालित स्कूल हैं, जिनको लेकर समय-समय पर बैठकों में मुद्दा उठता रहता है, किंतु गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। पाली और करतला विकासखंड में ऐसे स्कूलों की संख्या ज्यादा है जहां स्कूलों में बिजली नहीं होने की समस्या सामने आई है। बीते दिनों कलेक्टर ने विभागों की बैठक ली थी। उस दौरान बिजली विहीन स्कूलों का भी मुद्दा सामने आया था। उन्होंने जिला शिक्षा विभाग से विकासखंड अंतर्गत संचालित होने वाले ऐसे स्कूलों की जानकारी मांगी थी जो अविद्युतीकरण है। फिलहाल जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक बिजली विहीन स्कूलों की संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है।

#### खास बात

- वनांचल क्षेत्रों में संचालित स्कूलों की संख्या ज्यादा

#### पोड़ी-उपरोड़ा में ज्यादा समस्या

जिले में सबसे बड़े विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा के अंतर्गत 100 ग्राम पंचायत और 200 ग्राम आते हैं। जहां स्कूलों की संख्या अन्य ब्लॉकों से अधिक है। बड़ा क्षेत्र होने के कारण वनांचल क्षेत्र में चलने वाली स्कूलों की संख्या मैदानी क्षेत्रों से अधिक है। जल्के, सिरमिना, देवभूमि, ढुल्लापुर, कोडगार, मातिन जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित ग्रामों के स्कूलों में बिजली विहीन स्कूल संचालित हो रहे हैं, जहां बिजली पहुंचना कठिन काम है। कहने को ग्राम पंचायतों में बिजली तो पहुंची है, किंतु स्कूलों में कनेक्शन नहीं है।

#### बिजली बिल की समस्या

स्कूलों में बिजली कनेक्शन लेने के बाद आने वाले बिजली बिल पटाने की समस्या रहती है। बिजली विभाग के मुताबिक स्कूलों में कनेक्शन प्रधानपाठक के नाम से जारी होगा और स्कूलों में पदस्थ प्रधान पाठक बिजली कनेक्शन लेने हेतु विभाग को पत्र व्यवहार करते हैं। वहीं विभागी अधिकारी बिजली कनेक्शन लेने के झमेले में पड़ना नहीं चाहते। यही कारण है कि स्कूलों में बिजली कनेक्शन को लेकर दिखाई जाने वाली विभागी सक्रियता सामने नहीं आ रही है।

#### क्या कहते हैं अधिकारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा संजय अग्रवाल का कहना है कि 5 ग्राम ऐसे हैं जहां बिजली नहीं पहुंची है और ऐसे गांव के स्कूलों में बिजली की सुविधा नहीं है। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी करतला संदीप पाण्डेय का कहना है कि 68 स्कूल ऐसे हैं जहां कनेक्शन तो दिए गए हैं, लेकिन अंदर विद्युतीकरण नहीं हुआ है। यही कहना पाली विकासखंड के शिक्षा अधिकारी समयलाल साहू का है। उनके मुताबिक उनके ब्लॉक में 39 स्कूल ऐसे हैं जो विद्युत विहीन है।

#### कहा कितने स्कूल विद्युत विहीन

| | |
|---|---|
| करतला ब्लॉक | 68 स्कूल |
| पाली ब्लॉक | 39 स्कूल |
| पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक | 43 स्कूल |
| कोरबा ब्लॉक | 15 स्कूल |



कुसमुण्डा खदान में बनाया गया साइलो।

# अब खदान से सीधा सायलो तक जाएगा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला लदान को हाइटेक बनाने के लिए एसईसीएल प्रबंधन लगा हुआ है। इसके तहत खदान के भीतर से साइलो तक कोयला लाने के लिए इन पिट कन्वेइंग सिस्टम तैयार किया जा रहा है।इस कार्य पर लगभग 544 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर एसईसीएल मुख्यालय की नजर है। यह परियोजना कोल इंडिया की फस्ट माइल कनेक्टिविटी का हिस्सा है।

कुछ दिनों पूर्व कंपनी के तकनीकी निदेशक सह योजना परियोजना एसएन कापरी ने कुसमुंडा खदान का दौरा किया। इन पिट कन्वेइंग सिस्टम के निर्माण कार्य को देखा। इसे समस सीमा में पूरा करने के लिए कहा। उम्मीद जताई कि इन पिट कन्वेइंग सिस्टम का काम इस साल के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके तहत कुसमुंडा खदान में दो आरसीसी बंकर का निर्माण किया जाना है। यहां से 40 हजार टन कोयला बंकर के जरिए कन्वेयर बेल्ट होकर साइलो तक पहुंचेगा। साइलो से कोयला मालगाड़ी के डिब्बों में भरा जाएगा। इन पिट कन्वेइंग सिस्टम की लंबाई 10 किलोमीटर होगी। बंकर से साइलो के बीच दो कन्वेयर बेल्ट बिछाई जाएगी। प्रबंधन के एक अधिकारी ने बताया कि कुसमुंडा खदान की फेस से कोयला बंकर से होकर इन पिट कन्वेइंग सिस्टम के जरिए साइलो तक पहुंचेगा। इससे खदान के भीतर से कोयला लेकर स्टॉक तक आने वाली गाडियों की संख्या में कमी आएगी। फेस से कोयला खदान के भीतर ही बंकर में गिरेगा। यहां से कन्वेयर बेल्ट के जरिए साइलो को दिया जाएगा। प्रबंधन का कहना है कि इन पिट कन्वेइंग सिस्टम तैयार होने से कोल डस्ट को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। लोडिंग में तेजी आएगी। रेल रैक के जरिए होने वाला परिवहन आसान हो जाएगा।

#### खास बातें

- एसईसीएल कोयला लदान को बना रहा हाईटेक
- खदान के भीतर से साइलो तक कोयला लाने बन रहा इन पिट कन्वेइंग सिस्टम

# किसान मेले में आबंटित दुकान अगर किसी अन्य को बेची तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका के द्वारा नगर में मेले में दुकान आबंटन को लेकर भारी गहमागहमी का माहौल है। ऐसे में प्रत्येक वर्ष कटघोरा व आसपास के व्यापारियों द्वारा दुकान लगाने के लिए उनको प्राथमिकता के आधार पर नगर पालिका द्वारा दुकान आबंटित की जाती है। लेकिन कुछ दुकानदार अपने आबंटित दुकानों को दूसरे दुकानदारों को मोटी रकम लेकर बेच देते है। और जरूरतमंद दुकानदार इससे वंचित रह जाते हैं। अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर आबंटित दुकान की बिक्री की गई तो अब कार्यवाही की जाएगी।

कटघोरा अनुविभागीय अधिकारी व मुख्य नगर पालिका अधिकारी किसान मेले में दुकानदारों को आबंटित दुकान को लेकर इस पर खास नज़र रखेगी। यदि आबंटित दुकान के दुकानदार किसी को अपनी दुकान बेचते हैं या स्वयं दुकान का संचालन न कर किसी अन्य को दुकान संचालन के लिए देते है तो उनके दुकान आबंटन को निरस्त कर जरूरतमंद को दुकान आबंटित करने का सख्त निर्णय लिया है और आगामी वर्षों में उन्हें किसान मेले में दुकान आबंटन से पृथक कर दिया जाएगा। प्रशासन के इस निर्देश से दुकान के दलालों में हड़कम्प मच गया है। नगर पालिका कटघोरा द्वारा आयोजित किसान मेले में नगर पालिका के कुछ कर्मचारियों का भी नाम सामने आ रहा है जिनके द्वारा दुकान आबंटन में अपने चहेते को दुकान दिलाने झोलझाल करते रहें है। ऐसे कर्मचारियों को लेकर दुकानदारों में खासी नाराज़गी देखी जा सकती है। बताया जाता है कि नगर पालिका के कुछ खास कर्मचारी दुकान आबंटन के वक्त अपने चहेते को दुकान आबंटित करने में कोई कोर कसर नही छोड़ते है और बात यह सामने आ रही कि बदले में कर्मचारियों को इसके लिए कमीशन के तौर पर कुछ रकम उन दुकानदारों द्वारा न्यौछावर की जाती है। जिसके चलते जरूरत मन्द दुकानदारों को यहां दुकान आबंटन से महरूम होना पड़ता है। किसान मेले को प्रारम्भ होने के अब कुछ ही दिन शेष बचे है अब देखने वाली बात होगी कि किसान मेले में होने वाले दुकान आबंटन में भर्राशाही रोक पाने में नगर पालिका व प्रशासन कितना सफल हो पाती है या कि केवल हमेशा की तरह इस बार भी मेले में इसी तरह की दुकान की दलाली सफल होगी।



मेला ग्राउंड में चल रही तैयारी।

# शुष्क दिवस पर अवैध शराब का खेल पुलिस व आबकारी ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शुष्क दिवस के दिन कुछ लोगों द्वारा अवैध रुप से शराब बेचने का गोरखधंधा संचालित किया जा रहा था। सूचना पर पुलिस व आबकारी की टीम ने बड़े पैमाने पर अवैध शराब जप्त किया है। जहां पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर 22 जनवरी शुष्क दिवस पर थाना उरगा के ग्राम उमरेली, थाना उरगा के ग्राम तरदा, थाना पाली के पाली मरचूरी के पास में संबंधित थानों की टीम के द्वारा छापामार की कार्यवाही की गई। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया है। साथ ही अवैध शराब बनाने, बेचने और पीने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई किया गया। पुलिस टीम की कार्यवाही में मिले 1 महिला एवं 2 पुरुष से कुल 20 लीटर महुआ शराब और 11 पांव देसी प्लेन शराब जप्ती की गई है तथा 3 आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में 22 जनवरी को घोषित शुष्क दिवस के पूर्व ही अवैध रूप से महुआ शराब के भंडारण कर शुष्क दिवस पर बेचने की सूचना पर आशीष उप्पल आबकारी उपनिरीक्षक आबकारी वृत्त बांकीमोंगरा ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सेमीपाली निवासी सरस्वती यादव पति प्यारेलाल को अवैध रूप से 9 लीटर महुआ शराब और लक्ष्मीन बाई यादव पति बहारन यादव को अवैध रूप से 9 लीटर महुआ शराब साथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क, च), 34(2) 59(क )के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।



पकड़ी गई आरोपी।

# छात्र की घर में फांसी के फंदे पर लटकती मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक निजी स्कूल में कक्षा 6वीं में अध्ययनरत 13 साल के बालक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। छात्र ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में बालक पढ़ाई में कमजोर था। संभवतः इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

मामला सीएसईबी चौकी क्षेत्र के बुधवारी बस्ती की है। यहां निवासरत केसलाल का 13 वर्षीय पुत्र शुभांशु टेकाम एक निजी स्कूल में कक्षा 6वीं का छात्र था। अपने घर में उसने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। छात्र की मौत से परिवार सदमे में है। बताया जाता है कि सोमवार की शाम मृतक अपनी मां के साथ भोग भंडारा खाने के लिए गया हुआ था,जहां से वह पढ़ाई करने के नाम पर घर आ गया और फांसी के फंदे पर झूलकर जान दे दी। मां जब वापस घर लौटी तब उसे इस बात की जानकारी हुई। सीएसईबी की प्रभारी विनोद खांडे ने बताया कि छात्र ने किन कारणों के चलते मौत को गले लगाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच के दौरान छात्र पढ़ाई मे कमजोर था। संभवतः इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### स्वर्ण भूमि में निकली शोभायात्रा



**बिलासपुर।** अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को स्वर्णभूमि कॉलोनी में उल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्णभूमि में दो दिनों से धार्मिक आयोजन हुए। यहाँ अखंड रामायण, शोभा यात्रा, शबरी की कुटिया के साथ, राधा कृष्ण की झांकी, शिव तांडव का भी आयोजन हुआ। रात्रि में भजन गायक प्रवेश शर्मा जीबीकानेर एवं अंजलि द्विवेदी बरेली ने रात्रि भजन संध्या का भव्य आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भक्ति रस का पान किया।




### अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखने के दिए निर्देश

# राशन वितरण की अनियमितता पर आवश्यक कार्रवाई करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की कार्य प्रगति एवं विभागवार समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी, आयुष्मान कार्ड निर्माण, आधार अपडेशन, विद्युतविहीन शालाओं आंगनबाड़ी में विद्युतीकरण, पीएम जनमन योजना, राखड़ परिवहन, अतिक्रमण पर नियंत्रण व कार्यवाही सहित अन्य योजनाओं एवं समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर अजीत वसंत ने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर शासकीय संस्थाओं के संचालन एवं विभागीय योजनाओं की क्रियान्वयन स्थिति पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की विभागीय अधिकारी अपने कार्यालयीन कार्य व फील्ड विजिट पर संतुलन बनाते हुए अपने कार्यों का संपादन करें। उन्होंने पंचायतों में राशन वितरण की अनियमितता की मिलने वाली शिकायतों पर सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल मामले की पूर्ण जांच कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को पंचायतों में उचित मूल्य की राशन दुकानों का भी नियमित रूप से निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में बैठक व्यवस्था, मंच संचालन, आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी, परेड, सम्मानित होने वाले कर्मचारी, पुरस्कार वितरण, सहित अन्य गतिविधियों की जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों को सौपें गए कार्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण की जानकारी लेते हुए सभी जनपदों में शत प्रतिशत राशनकार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं आधार कार्ड अपडेशन से वंचित लोगों का भी आधार कार्ड प्राथमिकता से पूर्ण कराने के लिए कहा।



बैठक में उपस्थित कलेक्टर एवं अधिकारी।

